राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

# राज्यपाल श्री मिश्र ने राजराजेश्वर मंदिर प्रांगण में यज्ञ की पूर्णाहुति दी

जयपुर, 11 अप्रेल। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने चैत्र नवरात्र पर राजभवन स्थित मंदिर में चली विशेष पूजा अर्चना सम्पन्न होने पर सोमवार को यज्ञ की पूर्णाहुति दी। उन्होंने राज्य की प्रथम महिला श्रीमती सत्यवती मिश्र के साथ राजराजेश्वर मंदिर में विधिवत आरती और पूजा–पाठ कर देश और प्रदेश की सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

इस अवसर पर राज्यपाल के प्रमुख विशेषाधिकारी श्री गोविन्द राम जायसवाल सहित राजभवन के अधिकारी– कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

––––